# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 12 फाल्गुन, 1942 (श०) / 03 मार्च, 2021 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 193

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 79 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 30 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 13 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 44 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 17 |
| (6) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 05 |
| | | | कुल योग -- | 193 |

पुल का निर्माण

*762. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड इटाढ़ी में ग्राम-सिकटौना के पास ठोरा नदी पर पुल नहीं है, जिसके कारण ग्रामीण जनता को प्रखंड मुख्यालय जाने में काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यपालक अभियंता का पदस्थापना

*763. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के अन्तर्गत नवीनगर कार्यालय में कार्यपालक अभियंता का पद पिछले एक वर्ष से रिक्त है और अम्बा के कार्यपालक अभियंता इसके प्रभार में है तथा पूर्ण कालिक कार्यपालक अभियंता के नहीं रहने के कारण विकास कार्य समय पर पूरे नहीं हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नवीनगर में पूर्ण कालिक कार्यपालक अभियंता की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलों एवं पथ का निर्माण

*764. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परवत्ता)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परवत्ता प्रखंड के अगुवानी-सुल्तानगंज निर्माणाधीन पुल का निर्माण वर्ष 2020 तक होना था, जो अबतक नहीं हुआ है तथा गोगरी प्रखंड के रामपुर पंचायत में कटवरा आश्रम से भुड़िया दियारा तक जानेवाली सड़क में क्षतिग्रस्त पुलों का निर्माण नहीं होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित पुलों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओवर ब्रिज का निर्माण

*765. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जनवरी, 2019 में केन्द्र सरकार के रेलवे विभाग एवं बिहार सरकार के बीच हुये समझौते के तहत राज्य में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण, पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समझौते के आलोक में दरभंगा शहर को जाम से मुक्ति दिलाने हेतु रेल ओवर ब्रिज का निर्माण दोनार गुमटी नम्बर 25 एवं म्यूजियम गुमटी नम्बर 26 पर कराने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, परंतु दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इस संबंध में अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा शहर के उक्त स्थानों पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*766. श्री रितलाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के आनंद बाजार से चाँदवारी गाँव होते DPS स्कूल तक की सड़क जर्जर है, जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन आनंद बाजार से चाँदवारी होते हुये डी0पी0एस0 स्कूल तक पथ की मरम्मती कार्य बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 अन्तर्गत प्रारंभ है । तद्नुसार शीघ्र मरम्मती कार्य करा दिया जायेगा ।

(2) खंड (1) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है ।

अधिग्रहण कर पथ का जीर्णोद्धार

*767. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधुबनी नगर परिषद् क्षेत्र में कोतवाली चौक से सिंघिनिया चौक स्टेडियम गाँधी चौक होते संतु नगर मुख्य सड़क तक तथा सूढ़ी हाई स्कूल चौक से महंथी लाल चौक, सुमंता होटल, तिलक चौक होते गौशाला चौक तक की सडक मधुबनी शहर की लाइफ लाईन है, जिसपर भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दोनों सड़कें जर्जर हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त दोनों सड़कें पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित किये जाने की सारी मापदंडों को पूरा करती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त दोनों पथों को नगर विकास विभाग से पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन का जीर्णोद्धार

*768. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले में पैरा नहर से निकली बेल्धा डिस्टीब्यूट्री जर्जर है, जिससे आस-पास के 10-12 गाँवों की जमीन की सिंचाई प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त डिस्टीब्यूट्री पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*769. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखंड में चौकी से कचैरा एवं कदवा से गाही नगर पथ वर्ष 2015 से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*770. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखंड अन्तर्गत महनार अम्बेदकर चौक से भाया अंधराबड होते हुये बहसी चौक तक 20 किलो मीटर लम्बी सड़क संकीर्ण होने की वजह से हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण एवं सड़क का पक्कीकरण

*771. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा प्रखंड के ग्राम पंचायत नवला में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत रसलपुर से नवला तक दो वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण कराया गया था, जो अब जर्जर स्थित में है, साथ ही उक्त सड़क में दो पुलिया पड़ता है, जो ध्वस्त हो गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को चचरी के सहारे जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त टूटे पुलिया का निर्माण कराते हुये जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*772. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत चकिया प्रखंड के मधुरापुर अनुसूचित जाति बस्ती से उचिडीह तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.25 कि0मी0 है। प्रश्नाधीन पथ के एक छोर का बसावट मधुरापुर अनुसूचित जाति बस्ती मुख्य बसावट मधुरापुर के आंतरिक पथ पर अवस्थित है। मुख्य बसावट मधुरापुर को चकिया मधुरापुर पी0डब्लू0डी0 पथ एवं पिपरा कल्याणपुर आर0डब्लू0डी0 पथ से सम्पर्कता प्राप्त है एवं दूसरे छोर का बसावट उचिडीह को एम0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्मित महरानी से मुस्लिम टोला लोकाई बेलवा पथ में सम्पर्कता प्राप्त है। बीच में चौर होने एवं कोई योग्य बसावट नहीं होने के कारण किसी भी कोर नेटवर्क में सम्मिलित नहीं किया गया है।

अतः पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

---

प्रखंड कार्यालय का पुनर्निर्माण

*773. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड का प्रखंड कार्यालय विगत 10 वर्षों से जर्जर है जिससे कर्मचारी और पदाधिकारी के कार्य निष्पादन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड कार्यालय भवन का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*774. श्रीमती विभा देवी (क्षेत्र संख्या-237 नवादा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत गोसाई बिगहा, लोदीपुर स्थित सकरी नदी से निकलकर, खेमचन्द बिगहा स्थित खुरी नदी में मिलने वाली नहर की सफाई नहीं होने से लाखों किसान सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर की सफाई कर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया का निर्माण

*775. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम विधान सभा क्षेत्र में दरियापुर से मोरियावां ग्राम तक जाने वाली सड़क में मोरियावां ग्राम में डी0ए0भी0 स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के निकट पुलिया का निर्माण नहीं होने से जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थल पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*776. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत खैरा प्रखण्ड में टीहिया-दिनारी से कोदवारी-मंझगांय घाट के बीच बरनर नदी पर पुल नहीं रहने से पचास हजार से अधिक आबादी को झाझा रेलवे स्टेशन एवं अस्पताल जाने में 14 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि टीहिया-दिनारी से कोदवारी-मंझगांय घाट के दोनों छोर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क पूर्व से ही निर्मित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*777. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज स्थित समदा और बहादुरगंज गाँव के बीच पुनपुन नदी पर पुल नहीं होने की वजह से आसपास के दो दर्जनों गाँव के 50,000 से अधिक की आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार कराना

*778. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड-गोपतपुर दक्षिणी में समौती नदी से निकली आहर/पईन धोबी घाट से आगे सरेह तक जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहर/पईन का जीर्णोद्धार जल-जीवन हरियाली योजना के तहत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रोटेक्शन वाल का निर्माण

*779. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82, दरभंगा ग्रामीण)-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल दरभंगा-1 अंतर्गत धोई से मिश्रौलिया जाने वाली सड़क एवं सोनकी थाना चौक से लड्वन्ना जाने वाली पथ में नदी एवं तालाब से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों को कटाव स्थल पर प्रोटेक्शन वाल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है प्रश्न दो पथों से संबंधित है:--

1. धोयी से मिश्रौलिया पथ--इस पथ की लम्बाई 1.2 कि0मी0 है। यह पथ धोयी से आमी (10.0 कि0 मी0) का पथांश है, जिसमें 8.75 कि0मी0 पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित है। शेष 1.2 कि0मी0 ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है। पथ की पूरी लम्बाई में पी0सी0सी0 का कार्य किया हुआ है, जो वर्तमान में अच्छी स्थिति में है। वर्ष 2020 में आयी बाढ़ के कारण पथ के लगभग 0.5 कि0मी0 की लम्बाई में नदी के तरफ स्लोप में सोल्डर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका पुनर्स्थापन कार्य करा लिया गया था। वर्तमान में पथ मरम्मती हेतु बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के तहत प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी।

2. सोनकी थाना चौक से लरवाना पथ--यह पथ एम0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्माणाधीन है। वर्ष 2020 मे आयी बाढ़ के कारण लगभग 150 मीटर में तालाब के किनारे सोल्डर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका मरम्मती शीघ्र ही करा लिया जायेगा ।

---

नाला का निर्माण

*780. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत जमालउद्दीन चक के 3000 आबादी वाला गाँव नवरतनपुर से चक्रदाहा मोड़ (इमली का पेड़) तक 2 कि0मी0 नाला नहीं होने से जहाँ-तहाँ निजी खेतों में सालों भर जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, जबकि माह नवम्बर, 2019 में नाला का निर्माण हेतु मापी भी करायी गयी थी, परन्तु नाला निर्माण की दिशा में अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में जल-जमाव से मुक्ति दिलाने हेतु नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्का नाला का निर्माण

*781. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के योगापट्टी और लौरिया दोनों ही प्रखंडों के लखनीचंबर जलमग्न रहने से किसानों को फसलों की क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्रों को जलजमाव के कारण हो रहे नुकसान से बचाने के लिये पक्का नाला का निर्माण कर उसे हरहा या गण्डक नदी से मिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*782. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड के बीजबनी पश्चिमी पंचायत के रेगनियां बलुआ से झाझरा पंचायत के ग्राम जीतना तक, 2.5 कि० मी० कच्ची सड़क है जिसके कारण वर्षात के दिनों में ग्रामीण जनता को आवागमन के कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.5 कि० मी० है । इस पथ के एक छोर पर अवस्थित रेगनियां ग्राम को पी० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत निर्मित अगरवा से रेगनियां पथ से सम्पर्कता प्राप्त है एवं दूसरे छोर पर अवस्थित ग्राम जितना को पी० एम० एस० वाई० अन्तर्गत निर्मित घोड़ासहन बनकटवा-जितना पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । इस पथ के आरेखन में अन्य कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण किसी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं किया गया है ।

अत: पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

*783. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया विधान सभा क्षेत्र के केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंडों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं होने के कारण इस क्षेत्र की जनता को बाहर रहकर औद्योगिक प्रशिक्षण ग्रहण करना पड़ता है जिससे अनावश्यक आर्थिक बोझ होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में राज्य के प्रत्येक अनुमंडल में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोला जा चुका है ।

केसरिया प्रखंड चकिया अनुमंडल में तथा संग्रामपुर प्रखंड अरेराज अनुमंडल के अंतर्गत पड़ता है, जहाँ क्रमश: औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चकिया एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अरेराज संचालित है । इसके अतिरिक्त पूर्वी चंपारण जिला के 05 अनुमंडलों में भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित है ।

पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत स्थापित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थानों में केसरिया विधान सभा क्षेत्र के केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंड सहित सभी प्रखंडों के इच्छुक युवक/युवती तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं ।

वर्तमान में राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में कोई अन्य सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

बोल्डर पीचिंग का कार्य कराना

*784. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बत सही है कि वैशाली जिला का प्रखंड महनार गंगा नदी के किनारे अवस्थित है, जहाँ महनार बाजार से हसनपुर तक गंगा नदी के कटाव की वजह से पहले फसलों का नुकसान होता था लेकिन अब आम जन-जीवन प्रभावित हो रहा है तथा गंगा नदी के कटाव की वजह से बाँध कमजोर हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर ''बोल्डर पीचिंग'' करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चेक डैम का निर्माण

*785. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के चांदन नदी में बालू के खनन के कारण नदी का बेड खेत के बेड से नीचे हो जाने तथा चेक डैम नहीं बनाये जाने के कारण सिंचाई संभव नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सोनूचक के पास तालुका के मुँह पर तथा नाढ़ा में कमालचक के पास चेक डैम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण

*786. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया प्रखंड अन्तर्गत सरोगढ़ पंचायत के सरसावा गाँव से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क में हहवा नाला है, जिसके दोनों तरफ सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हहवा नाला पर पुलिया नहीं रहने के कारण उक्त पंचायत सहित अन्य पंचायत के ग्रामीणों को अधिक दूरी तय करके जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त हहवा नाला पर कबतक पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल शीर्ष एम० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत निर्माणाधीन पथ आमागाछी से डीह महुआई पथ के लगभग चैनेज 1500 मीटर पर अवस्थित है, जिसके निर्माण हेतु Techno Feasibility Report समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया है । तद्नुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी ।

--------

अस्तित्व को बचाना

*787. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत इन्द्रपुरी बांध के नीचे सोन नदी में पानी की धारा को विभिन्न स्थानों पर मोड़ कर बालू खनन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अवैध तरीके से बालू खनन करने वालों द्वारा सोन नदी की धारा को मोड़ने से सोन का अविरल प्रवाह प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोन नदी की धारा के अस्तित्व को बचाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुन: निर्माण

*788. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड के बेहट दक्षिणी ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम नवटोल से झंझारपुर रेलवे स्टेशन बाजार के निकट होते हुये सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पथराही मुख्य सड़क तक जाने वाली सड़क विगत् 5 वर्षों से जर्जर होने से आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*789. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत बाराचट्टी मोहनपुर पथ में डंगरा क्वार्टर से मुसरशब्दा, धरहरा होते हेमजापुर बस स्टैंड तक की सड़क जर्जर है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध का मजबूतीकरण

*790. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अरेराज से होते हुये भवानीपुर और केसरिया-कल्याणपुर तक बांध कमजोर रहने के कारण 2020 में आई बाढ़ से काफी जान-माल की क्षति हुयी थी, यदि हाँ, तो सरकार आगामी बरसात से पूर्व उक्त बाँध का मजबूतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

व्यवस्था करना

*791. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत खगड़िया विधान सभा क्षेत्र में नलकूपों के अभाव के कारण सिंचाई में किसानों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विधान सभा क्षेत्र में नलकूप लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक । खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया विधान सभा क्षेत्र में कुल 41 नलकूप हैं जिनमें 29 नलकूप चालू तथा 12 नलकूप बंद है। बन्द नलकूपों को चालू कराने हेतु डी०पी०आर० तैयार कराया जा रहा है। विहित प्रक्रिया के तहत इन्हें चालू करा दिया जायेगा ।

सभी नलकूपों को संचालन एवं रख-रखाव हेतु ग्राम पंचायतों को हस्तगत करा दिया गया है।

-------------

वर्षा जल की निकासी

*792. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल''(क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अन्तर्गत डुमरी, नवटोली एवं बिस्फी प्रखंड के पुआरी, बखुरी, दुल्हा, भगौती, अजनौली, सिमरी होकर कोसी केनाल गुजरती है, जिससे उक्त गाँवों के हजारों एकड़ जमीन में सालोंभर वर्षा का पानी जमा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्षा जल को कोसी केनाल से निकासी का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पक्की सड़क का निर्माण

*793. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के टैल टैक्स से पूरब एवं गनौरी मध्य विद्यालय से पश्चिम बेलौना यात्री शेड के पास एन०एच० 327 ई से बसगड़ा, कुपाड़ी होते हुये हिंगना फाटक तक 5 किलोमीटर कच्ची सड़क की दूरी, बसगड़ा, कुपाड़ी और हिंगना ग्राम के लोग नहर तट होकर तय करते हैं, जो दोनों तरफ एन०एच० 327 ई एवं एन०एच० 57 को जोड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर तट पर पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के आरेखन पर अवस्थित बसावट यथा बसगड़ा, कुपाड़ी को शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत निर्मित कुपाड़ी पंचायत भवन से एल० 22 बसगड़ा पथ से संपर्कता प्राप्त है। इसके अतिरिक्त प्रश्नाधीन पथ के आरेखन में कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे किसी भी कोर-नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है। इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

पुल का निर्माण

*794. श्री अवध बिहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत बड़हरिया प्रखंड के नवीगंज एवं जिगना के बीच दाहा नदी पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता को दाहा नदी के पार आने-जाने का कोई साधन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लूईस गेट निर्माण

*795. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अन्तर्गत नाजीरपुर एवं सौराठ के बीच जीवछ नदी में स्लूईस गेट नहीं होने से किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जीवछ नदी में उक्त स्थान पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*796. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गड़हनी प्रखंड के गड़हनी में बनास नदी में सहंगी रोड पर पुल नहीं होने के कारण गड़हनी के वार्ड नं० 1 स्थित तीनघरवा टोला का संपर्क मुख्य बाजार व प्रखंड मुख्यालय से कटा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल निमार्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*797. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के कुसियार गाँव पंचायत दियारी फाटक पुल से दक्षिण पूरब जाने वाली पोखरीया बस्ती तक बीस वर्षों से सड़क नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बायपास सड़क की स्वीकृति प्रदान कर शीघ्र निर्माण

*798. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय में सुगम आवागमन हेतु 106 करोड़ की लागत से पाँच बायपास सड़क यथा (i) लाइन बाजार चौक से पॉलिटेक्निक चौक भाया रजनी चौक (ii) एन०एच० 107 आर० के० के० कॉलेज से रंगभूमि चौक (iii) एन०एच० 107 भूटाहा मोड़ से एस०एच० श्रीनगर रोड (iv) श्रीनगर रोड से पामर बाँध एस०एच० 60 होते हुये 6 लेन से एन०एच० 31 बायपास (v) हांसदा गुलाबबाग मुंशी बाड़ी चौक से एन०एच० 57 फोरलेन रोड तक के निर्माण हेतु अक्टूबर 2020 में प्रस्ताव बनाकर राज्य मुख्यालय मंजूरी के लिये भेजा गया है, जो अबतक लंबित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रस्तावित पाँच बायपास सड़क के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

समस्या का समाधान

*799. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, सासाराम के अन्तर्गत नाद माइनर का निर्माण वहां की पहाड़ी नदी में किये जाने के कारण हर साल नदी और माइनर का पानी मिलकर नाद गाँव में बाढ़ की स्थिति हो जाती है एवं फसलों की बर्बादी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभियंता प्रमुख, सृजन, जल संसाधन विभाग ने अपने पत्रांक 553, दिनांक 14 मार्च, 2018 एवं स्मार पत्र सं० 424, दिनांक 14 मार्च, 2019 के द्वारा मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन जल संसाधन विभाग, डिहरी को जाँच कर मुख्यालय को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया था, किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त समस्या का समाधान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पी०सी०सी० सड़क का निर्माण

*800. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बाढ़ प्रभावित ग्रामीण इलाकों के सड़क निर्माण में प्राक्कलन बनाने में त्रुटियों के कारण ग्रामीण भाग एवं जल-जमाव वाले स्थानों पर पी०सी०सी० सड़क निर्माण के बजाय कालीकरण करने से बरसात के समय हमेशा सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा पथ प्रमंडल के मुरिया से सोनकी पथ तथा चिकनी से देवना पथ पर हमेशा जल-जमाव की समस्या बनी रहती है जिससे आवागमन बाधित एवं दुर्घटना होती रहती है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का कालीकरण के बजाय P.C.C. निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि पथों का प्राक्कलन तैयार करते समय ग्रामीण भाग के जलजमाव वाले क्षेत्र में पी०क्यू०सी० सड़क निर्माण का प्रावधान किया जाता है एवं तद्नुसार कार्य संपादन कराया जाता है।

(2) एवं (3)वर्णित पथों यथा मुरिया से सोनकी पथ एवं चिकनी से देवना पथ में ग्रामीण भाग के जल-जमाव वाले पथांश में प्राक्कलन में पी०क्यू०सी० का प्रावधान किया गया है एवं तदनुसार कार्य संपादन कराया जा रहा है। पथ में आवागमन से संबंधित कोई समस्या नहीं है। मुरिया से सोनकी पथ की कुल लम्बाई 14.00 कि०मी० है जिनमें पथ के जल-जमाव वाले भाग में प्रावधानित 2.36 कि०मी० में पी०क्यू०सी० कार्य पूर्ण कराया गया है। चिकनी से देवना पथ की कुल लम्बाई 29.54 कि०मी० है जिनमें जल-जमाव वाले भाग में कुल 9.170 कि०मी० में पी०क्यू०सी० कार्य प्राक्कलन में प्रावधानित है तथा 2.80 कि०मी० लम्बाई में पी०क्यू०सी० कार्य सम्पन्न हुआ है एवं शेष कार्य प्रगति पर है।

------------

ड्रेनेज की मरम्मती

*801. श्री नरेन्द्र नारायण यादव(क्षेत्र संख्या-70 आलमनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत जल निस्सरण प्रमंडल, कोपरिया के अधीन हरली, धार ड्रेनेज के पूर्वी किनारे के टूट जाने के कारण ग्राम पंचायत रहटाफणहन तथा ग्राम पंचायत गोपालपुर के अधीन हजारों एकड़ में बरसात के दिनों में ड्रेनेज का पानी फैल जाता है, जिससे फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम पंचायत रहटाफणहन में दो स्थान पर तथा गोपालपुर ग्राम पंचायत में एक स्थान पर पूर्वी किनारे के टूटे भाग पर मिट्टी देकर उसे ठीक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पईन की उड़ाही

*802. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत सदर प्रखंड के खैरा मिर्जा ग्राम पंचायत के नरसिम्हा गाँव में नहर उड़ाही एवं देव प्रखंड के बसडीहा ग्राम पंचायत के दधपा गाँव के यारी माइनर जीरो आर०डी० से दधपा तक पईन उड़ाही नहीं होने के कारण ग्रामीणों को खेतों की सिंचाई के लिये कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उड़ाही कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी की व्यवस्था

*803. श्री विश्व नाथ राम(क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के डुमराँव प्रखंड अन्तर्गत मठिला पंचायत के ग्राम-मठीला में सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि पर जल-जमाव होने से फसल बर्बाद हो जाँता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जमीन से जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*804. श्री अवध विहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सीवान सदर प्रखंड के टड्वा मढ़ीया से उत्तर एवं महदेवा मिशन के बीच दाहा नदी पर पुल नहीं होने के कारण उक्त प्रखंड के आम जनता को नदी पार कर आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*805. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड के जरखा गाँव के पास लुगाई नदी पर पुल नहीं होने के कारण नदी के दूसरी तरफ ग्रामीणों के हजारों एकड़ जमीन पर खेती नहीं हो पाती है, साथ ही नदी को पार करने के दौरान आये दिन डूबने से किसानों की मौत हो जाती है,

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ओ०डी०एफ० अनुदान की राशि लाभुकों को भुगतान

*806. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी बिहार का पहला जिला है जो ओ०डी०एफ० घोषित हुआ परंतु ओ०डी०एफ० अनुदान की राशि से 40 प्रतिशत लाभुक आजतक वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ओ०डी०एफ० अनुदान की राशि लाभुकों को भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ठोकर का निर्माण

*807. श्री शंम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत सेमरी प्रखण्ड के केशोपुर पंचायत गंगा किनारे आरा कोईलवर तटबंध पर बसा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बांध पर ठोकर नहीं होने के कारण बाढ़ का अधिक प्रकोप रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बांध पर एक कि०मी० तक ठोकर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राजवाहा का निर्माण

*808. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी(अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के चेनारी प्रखंड अन्तर्गत दुर्गावती जलाशय के मेन कैनाल पूर्वी भाग चेनारी वितरणी से लांजी उप-वितरणी एवं उर्दा उप-वितरणी सहित अन्य उप-वितरणियों में राजवाहा का निर्माण नहीं होने के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वितरणियों से राजवाहा का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बड़ा पुल का निर्माण

*809. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के प्रखंड नुआँव अन्तर्गत दुमदुमा-परसिया मार्ग के बीच नाला पर एक स्पैन का छोटा पुल रहने के कारण वर्षात के समय में पानी सड़क के ऊपर बहने लगता है, जिससे दोनों तरफ का एप्रोच रोड टूट जाता है, साथ ही उक्त पथ को पार करने में ग्रामीण जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्थल पर बड़ा पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई

*810. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ० जा०)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1996 में निर्मित इन्दिरा आवास की मरम्मती हेतु राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019-20 में एम० एम० ए० वाई० योजना प्रारंभ किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया एवं टनकुप्पा प्रखंड के द्वारा किसी भी लाभुकों की सूची उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण दोनों प्रखंडों के हजारों लोग इस योजना के लाभ से वंचित रहे गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार योजना के लाभ से वंचित सभी लाभुकों की सूची उपलब्ध कराते हुये सूची नहीं भेजने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबन्ध बनाना

*811. श्रीमती गायत्री देवी(क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत मझौड़ा ग्राम में नेपाल से आनेवाली मरहा नदी प्रवाहित होती है, जिसके तेज धारा के कारण वहाँ कटाव होता है, जिससे हर वर्ष लोगों को विस्थापित होना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नेपाल अपनी सीमा तक नदी के दोनों तरफ तटबंध का निर्माण कर चुका है जबकि भारतीय सीमा में तटबंध नहीं होने के कारण हर वर्ष कटाव होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर नझौड़ा ग्राम में पास तटबंध बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधूरे कार्य को पूर्ण कराना

*812. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ० जा०))--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोध गया प्रखंड में प्रखंड मुख्यालय भवन का निर्माण करीब 08 वर्ष पूर्व से की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक एवं अधिकारियों की शिथिलता के कारण भवन निर्माण का कार्य अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालय भवन के अधूरे कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कैनाल की खुदाई एवं जीर्णोद्धार

*813. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तिरहुत नहर नवीकरण प्रमंडल ढाका अंतर्गत ढाका मेन कैनाल एवं पताही कैनाल में विगत आठ वर्षों से खुदाई एवं जीर्णोद्धार कार्य नहीं कराया गया है, जिसके कारण किसानों का सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कैनालों की खुदाई एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाइपास का निर्माण

*814. श्री मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)-क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंडान्तर्गत तारापुर बाजार में घनी आबादी रहने के कारण अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तारापुर बाजार में बाइपास का निर्माण कराकर जाम की समस्या में निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पथ प्रमंडल, मुंगेर अन्तर्गत पड़ने वाले सुलतानगंज-तारापुर-बेलहर-कटोरिया-दर्दमाना पथ (SH-22) के तारापुर बाजार वाले पथांश भाग में घनी आबादी रहने के कारण अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। तारापुर बाजार में जाम की समस्या से निजात हेतु "सात निश्चय पार्ट-2 के सुलभ संपर्कता घटक में" बाइपास के संभावित विकल्पों का सर्वेक्षण किया जा रहा है।

--------

सड़क मार्ग से जोड़ना

*815. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहड़ा प्रखंड के दक्षिणी कंजुर पंचायत के बलुआ पर ग्राम आज भी पक्की सड़क से वंचित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में लगभग 2000 आबादी की महादलितों की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित ग्राम को सड़क मार्ग से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल एवं पहुँच पथ का निर्माण

*816. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के पंचायत रामघाट, कोशकापुर के वार्ड नं०-5 में हरिवंदन यादव के घर के सामने खररा घाट पर पुल एवं पहुँच पथ का निर्माण नहीं होने से उक्त क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय, परिवहन एवं आवागमन की सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित स्थल पर पुल एवं पहुँच पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*817. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के गुरारू प्रखंड के कोची पंचायत के तरौची रोड से रामपुर होते हुये कोची ठाकुरवाडी तक 2 कि० मी० कच्ची सड़क है, जिसके कारण वर्षात के दिनों में ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रखंड मुख्यालय का नया भवन

*818. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत परिहार प्रखंड का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड मुख्यालय का नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन का जीर्णोद्धार

*819. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड में तरवाँ एवं बबुरईन पईन का जीर्णोद्धार नहीं होने से आस-पास के गाँवों को उक्त पईन का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*820. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के गुरूआ प्रखंड के कोलौना पंचायत के कलौना धोकड़ा रोड से ग्राम-सुरंगारीश तक 2 किलो मीटर कच्ची सड़क है, जिसके कारण वर्षात के दिनों में ग्रामीण जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*821. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंधेश्वर प्रखंड के सिंधेश्वर से मौजमा होते हुये मधेली साईफन तक की सड़क पिछले सात-आठ वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न तीन पथों से संबंधित है :--

1. सिंधेश्वर से सोनवर्षा तक पथ--उक्त पथ शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित है, जिसका पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य कराया जा रहा है ।

2. सोनवर्षा से मौजमा चौक तक पथ--उक्त पथ सोनवर्षा से शंकरपुर पथ का पथांश है, जिसका निर्माण शीर्ष राज्य योजनान्तर्गत कराया गया था । पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य ससमय नहीं किये जाने के कारण एकरारनामा को विखंडित कर दिया गया है । वर्तमान में पथ के मरम्मती हेतु प्राक्कलन शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज III अन्तर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है । तदोपरान्त अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

3. मौजमा चौक से मधेली साईफन तक पथ--उक्त पथ बिरैली बाजार से मौजमा चौक पथ का पथांश है, जिसका निर्माण बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 अन्तर्गत कराया जा रहा है ।

कटाव निरोधक कार्य कराना

*822. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड दरियापुर के ग्राम-कोन्हवा से तुर्की तक गंडक नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*823. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियाँ प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-पीपरा-जगदीश अभीतक सड़क सम्पर्कता से नहीं जुड़ पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम को सड़क सम्पर्कता से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि भोजपुर जिला के बिहियाँ प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-पीपरा-जगदीश अनुसूचिज जाति टोला को सम्पर्कता प्रदान करेन हेतु इसका सर्वेक्षण कराया गया है । समीक्षोपरान्त प्रश्नाधीन टोला को सम्पर्कता प्रदान करने की कार्रवाई की जा सकेगी ।

--------

कटाव निरोधक कार्य करना

*824. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखंड के अन्तर्गत कुलकुलीया से कागजी टोला होते हुये सीढ़ी घाट तक गंगा नदी से कटाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक वर्ष गंगा नदी के कटाव से किनारे पर अवस्थित आवासित परिवार प्रभावित होते हैं एवं कई घरों का अस्तित्व खतरे में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण

*825. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के लालगंज पंचायत में विक्रम पट्टी घाट के दोनों तरफ सड़क निर्मित है, परन्तु घाट पर पुल नहीं है, जिसके कारण दोनों तरफ के ग्रामीणों के लिए निर्मित उक्त सड़क महत्वहीन हो गया है तथा गाँव के छात्र-छात्रा एवं किसान लंबी दूरी तय कर दैनिक कार्य करने को मजबूर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोनों ओर निर्मित सड़क के बीच विक्रम पट्टी घाट पर आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रखण्ड भवन का निर्माण

*826. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अधिसूचना सं0 7696, दिनांक 22 सितम्बर, 1994 के द्वारा दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम को प्रखण्ड का दर्जा दिया गया, जिसका मुख्यालय बौराम में जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण 27 वर्षों से उक्त प्रखण्ड का भवन नहीं बना है, जिसके कारण उक्त प्रखण्ड का कार्यालय ओंकार उच्च विद्यालय के छात्रावास में चल रहा है, जिससे आमलोगों को कठिनाइयाँ होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोठराम, बगरासी, मनसारा पंचायत में गैर-मजरूआ आम और बेलागानी सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थल का चयन करके भू-खण्ड अधिग्रहित कर गौड़ाबौराम प्रखण्ड के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जल प्रबंधन करना

*827. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड एवं महेषी प्रखंड अन्तर्गत सिरवार-विरवार से बाँध के किनारे होते हुए सिमरी बख्तियारपुर तक साल के अधिकांश महीने कृषि योग्य लगभग 2000 एकड़ भूमि में जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भूमि में जल प्रबंधन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संपर्क सड़क का निर्माण

*828. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत गरखा प्रखंड के लोक कवि भिखारी ठाकुर के जन्मस्थली, कुतुबपुर गाँव से डोरीगंज, आरा वीर कुँवर सिंह सेतु मुख्य सड़क तक संपर्क पथ का निर्माण अबतक नहीं कराये जाने के कारण दीयरा क्षेत्र के तीन पंचायत यथा-रामपुर बिनगाँवा, कोटवा पट्टी-रामपुर एवं महाजी की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में लोक कवि भिखारी ठाकुर का जन्म स्थल को देखने एवं उनपर शोध करने हेतु देश-विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक आया-जाया करते हैं, जिन्हें संपर्क सड़क के अभाव में आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संपर्क सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों की मरम्मती

*829. डॉ0 संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता विधान सभा क्षेत्र के गोगरी प्रखंड में कौआकोल मोड़ से गोगरी बाजार तक एवं सतीशनगर से कोरचक्का तक की सड़क जर्जर रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*830. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत मरंगी पंचायत के चेथरिया जिला परिषद् सड़क से रघुनी चक चेथरिया पीर तक पक्की सड़क नहीं रहने से हुसैनपुर, मिरकाहा, मनसाही टोला के लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण-कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ चार पथांशों से संबंधित है--

1. मिरकाहा चौक से पासवान टोला तक--उक्त पथांश शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनान्तर्गत मनसाही मरंगी आर0 ई0 ओ0 पथ में मिरकाहा चौक के नाम से स्वीकृत है, जो निविदा की प्रक्रिया में है। तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी।

2. पासवान टोला से उत्तर मुस्लिम टोला तक--उक्त पथांश शीर्ष 3054 एम0 आर0 योजनान्तर्गत निर्मित पथ कटिहार (शरीफगंज) पथ से मनसाही (मरंगी) का पथांश है।

3. उत्तर मुस्लिम टोला से हुसैनपुर टोला तक--उक्त पथांश में कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे किसी भी कोर-नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है। इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

4. हुसैनपुर टोला से रघुनी चौक तक--उक्त पथांश पंचायत द्वारा निर्मित है।

---

मूल्य का भुगतान करना

*831. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यों के क्रियान्वयन उपरान्त ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद् के मजदूरों का भुगतान सी0एफ0एम0एस0 द्वारा पन्द्रह दिन में कर दिया जाता है परन्तु दुकानदारों के सामग्री के मूल्य का भुगतान कई माह के बाद होता है जिसके कारण मनरेगा के कार्यों को पूर्ण होने का प्रतिशत कम होता जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार दुकानदारों को सामग्री का मूल्य का भुगतान एक तय समय-सीमा अवधि में कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अधीन करना

*832. डॉ0 सत्येन्द्र यादव (क्षेत्र संख्या-114 मांझी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मांझी प्रखण्ड कार्यालय के निकट जिला परिषद् का निरीक्षण भवन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निरीक्षण भवन को मांझी थाना द्वारा उपयोग किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला परिषद् निरीक्षण भवन को जिला परिषद् के अधीन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*833. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के धबौली पूर्वी पंचायत के धबौली नहर से नयानगर महादलित टोला तक की सड़क विगत दो वर्षों से जर्जर है जिसके कारण बरसात के दिनों में पानी लग जाता है तथा आमजनों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार धबौली नहर से नयानगर महादलित टोला तक की जर्जर सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत धबौली विश्व बैंक रोड से नयानगर मुसहरी तक के नाम से स्वीकृत है, जो निर्माणाधीन है ।

-------

पुल का निर्माण

*834. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड के महेशपुर, मुजाहीदपुर गाँव के बीच बलान नदी में पुल नहीं होने के कारण लोगों को प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर नदी में पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है । पुल स्थल के एक तरफ अवस्थित महेशपुर ग्राम को पी० एम० जी० एस० वाई० पथ से एवं दूसरे तरफ अवस्थित ग्राम-मुजाहिदपुर को एम० एम० जी० एस० वाई० पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । पुल स्थल के अप स्ट्रीम में 2.0 कि० मी० पर एवं डाउन स्ट्रीम में 2.1 कि० मी० पर पूर्व से पुल निर्मित है ।

अत: पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

-------

कटाव से रोक-थाम हेतु कार्रवाई

*835. श्री निरंजन राय (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में गायघाट प्रखंड के चांदपुरा, सुगाईपट्टी एवं अन्य गाँवों में कृषि योग्य भूमि एवं आमलोगों के घरों का बागमती नदी से कटाव हो रहा है, जिससे लोगों का घर तथा जमीन फसल सहित नदी में समा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटाव से रोक-थाम हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

जाँच कर कार्रवाई करना

*836. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत एकमा प्रखंड के पंचायत राज परसा

पूर्वी वार्ड नं०-3 में ग्राम-तिलकार राजा पोखरा एवं पंचायत-हुस्सेपुर में स्थित रीढ़ पोखरा के सौन्दर्यीकरण में धरातल पर काम नहीं हुआ है तथा रुपये की निकासी कर ली गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनियमितता के लिये दोषी संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारियों के विरुद्ध जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### सड़क का निर्माण

*837. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के अफसपुरा गाँव से हरिशवाड़ा गाँव के सीमा तक कच्ची सड़क जर्जर रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 1.95 कि० मी० है जो एम० एम० जी० एस० वाई० अंतर्गत प्रधानमंत्री पथ से पटदारा नाम से स्वीकृत है जो निविदा की प्रक्रिया में है । निविदा निष्पादन के उपरान्त निर्माण कार्य कराया जा सकेगा ।

--------

### सड़क का निर्माण

*838. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड ताजपुर के ग्राम-मोतीपुर स्थित एन० एच०-28 से माले नेता सुरेन्द्र प्रसाद सिंह के टोला जाने वाली सड़क का निर्माण नहीं होने से आमलोगों को यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### पक्की सड़क से जोड़ना

*839. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के भोजपुर कदीम पंचायत के मुंशीडेरा ग्राम आजतक पक्की सड़क से नहीं जुड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मुंशीडेरा ग्राम को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### मानदेय राशि का भुगतान

*840. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत आनेवाले सभी माननीय जन-प्रतिनिधियों यथा जिला परिषद् सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच एवं वार्ड सदस्य को मिलनेवाली सरकारी मासिक मानदेय राशि वर्षों से बकाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बकाये मानदेय राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल निर्माण कार्य को पूर्ण कराना

*841. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड में बरबट्टा चौक से मस्तान चौक तक जानेवाली सड़क में मौधो के निकट पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2019 में प्रारंभ हुआ था, जो बीच में ही बंद हो जाने से पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका, जिसके कारण आमजनों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*842. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा विधान सभा क्षेत्र के सलेमपुर से लेकर मंझौली तक गंगा नदी से तेजी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कटाव को रोकने हेतु कटाव निरोधक कार्य इस वर्ष बरसात से पूर्व कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

छिटका का निर्माण

*843. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के अन्तर्गत गोराडीह प्रखंड के दोस्तीनी गाँव के पास कोलुआ नदी पर 15 वर्ष पूर्व एवं कोकरा नदी पर 10 वर्ष पूर्व छिटका का निर्माण कराया गया था जो टूट गया है, जिसमें आमजनता को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदियों पर छिटका का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*844. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के भौअनगर ग्राम पंचायत के कुजीबाना गम्हारगाछी ग्राम तथा धनगामा ग्राम पंचायत के मुकरिया ग्राम के निकट महानंदा नदी द्वारा कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों गाँवों के निकट कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चेक डैम का निर्माण

*845. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के चांदन नदी में बालू के उत्खनन के कारण नदी का बेड खेत से नीचे हो जाने तथा चेक डैम नहीं बनाये जाने के कारण सिंचाई संभव नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सिंहनान के पास जगदीशपुर के डांड में तथा महमूदा के पास चेक डैम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सिंचाई की सुविधा प्रदान कराना

*846. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हमीद नगर पुनपुन सिंचाई परियोजना करोड़ों रुपये की लागत से बन कर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परियोजना से निकलने वाली नहर बिन्दु 8.2 आर०डी० से बंशी, कुर्था, रतनी क्षेत्र तक खेतों को सिंचाई का प्रावधान है, जिसके लिये सरकार द्वारा डी०पी०आर० भी तैयार कराया गया है परंतु आजतक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हमीद नगर पुनपुन सिंचाई परियोजना से सिंचाई प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*847. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल प्रखण्ड के हाट गाछी, बिरौल से कंगराहट्टा, नारी, कुमई, भदैन, बोरवा होते हुये कोर्थु रूचि घाट तक की सड़क जर्जर है, जिससे जन समुदाय को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच करवाना

*848. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत ब्लैक लिस्टेड कंस्ट्रक्शन कंपनी ए०पी०एस० फुलमा और माँ छिन्न मस्तिके का मालिक एक ही हैं जिसमें कंस्ट्रक्शन कंपनी ए०पी०एस० फुलमा को विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में ब्लैक लिस्टेड कर सर्टिफिकेट केस कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छिन्न मस्तिके कं० को ग्रामीण कार्य प्रमंडल, नवादा एवं रजौली द्वारा सड़क निर्माण का कार्य आवंटित कर दिया गया ही एवं एस०पी०एस० को अग्रधान एवं एस०डी० की राशि विमुक्त कर दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त मामले की जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पंचायतवार आधार केन्द्र का संचालन

*849. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य की आबादी लगभग 12 (बारह) करोड़ है जिसमें लगभग एक चौथाई लोगों का आधार कार्ड नहीं बन सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व में बने अधिकांश आधार कार्डों में कई गड़बड़ियाँ रह गयी है जिनमें सुधार के लिये जनता को आधार केन्द्रों में जाना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला सहित पूरे बिहार के प्रखंडवार एक ही आधार केन्द्र के कार्यरत होने और उनमें भी सर्वर सही नहीं रहने के कारण आमजनता को आधार कार्ड बनाने और सुधार कराने में कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायतवार आधार केन्द्र संचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2), (3) एवं (4) अस्वीकारात्मक है । जिला पदाधिकारी, दरभंगा के पत्रांक 455, दिनांक 17 फरवरी, 2021 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम पंचायत राज-मल्हीपट्टी दक्षिणी के वार्ड सं० 11 एवं ग्राम पंचायत राज-पौराम के वार्ड सं० 6, 7, 12 में नल-जल योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है और कार्य के अनुरूप मापी पुस्त भी संधारित किया गया है।

---

पुल का निर्माण

*850. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के पश्चिम पिपडा पंचायत के बकरा नदी में ईश्रवा घाट पर पुल नहीं है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार ईश्रवा घाट पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*851. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित प्रधानमंत्री सड़क से खोईर मदनपुर होते हुये दलदल ग्राम की ओर जानेवाली सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क स्थानीय ग्रामीणों के आवागमन का एकमात्र साधन है जिसका निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को 20 कि०मी० घूमकर प्रखंड अथवा अनुमंडल मुख्यालय जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का पक्कीकरण

*852. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया प्रखंड के हराजनरूलाहापुर पंचायत के परेवा चौक, सगरदीना रसुलपुर होते हुये गोढ़िया दुर्गा मंदिर तक कच्ची सड़क है, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जबकि उक्त मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.25 कि०मी० है। पथ के आरेखन के एक छोर पर ग्राम-रसुलपुर को पी०एम०जी०एस०वाई० अन्तर्गत शिकारगंज हराजनुरूल्लाह से रसुलपुर पथ से सम्पर्कता प्राप्त है। पथ के दूसरी छोर पर ग्राम-गोढ़िया एवं गोढ़िया दुर्गा मंदिर को पी०एम०जी०एस०वाई० अन्तर्गत रसुलपुर से बेला पथ से सम्पर्कता प्राप्त है। इस पथ के आरेखन पर अन्य कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण राज्य के किसी कोर नेटवर्क में सम्मिलित नहीं किया गया है। अत: पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

------------

पईन का जीर्णोद्धार

*853. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले पैरा नहर से मय गाँव के लिये सिंचाई पईन पूर्व से निर्मित है, जिसमें अनेकों स्थान पर मिट्टी भर जाने के कारण सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । नवादा जिले के पैरा नहर के मुहाना से हाजीपुर ग्रामीण सड़क तक पईन लगभग ठीक है। इसके आगे मिल्की पी०एच०सी० से बाघी-बरडीहा रोड तक पईन का आकार नहीं है। इसपर पूर्ण रूप से अतिक्रमण है। इस पईन को मापी एवं अतिक्रमण मुक्त करने हेतु अंचलाधिकारी, वारिसलीगंज को कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नवादा के पत्रांक 232, दिनांक 11 फरवरी, 2021 द्वारा पत्र भेजा गया है। अतिक्रमण मुक्त होने के उपरान्त डी०पी०आर० तैयार कर विहित प्रक्रिया के तहत योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा।

------------

सड़क का नवनिर्माण

*854. श्री राजेश कुमार गुप्ता(क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के गनसाडीह पंचायत अन्तर्गत मोरमा रोड से बाराडीह महादलित बस्ती होते हुये भवानी बिगहा तक जानेवाली सड़क की लम्बाई 5 कि०मी० है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के किनारे बसावट में महादलित एवं अतिपिछड़ा लोगों की जनसंख्या अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । पथ कच्ची है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न में उल्लेखित तीनों बसावट भोरमा, बाराडीह एवं भवानी विगहा से सम्पर्कता की स्थिति निम्नवत है:--

1. भोरमा--इस बसावट को 3054 मरम्मती योजनान्तर्गत निर्मित पथ अमरा बभनपुरवाँ से भोरमा से संम्पर्कता प्राप्त है।

2. बाराडीह--इस बसावट को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित पथ अमरा बभनपुरवाँ जयपुर से बाराडीह से सम्पर्कता प्राप्त है।

3. भवानी विगहा--इस बसावट को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित पथ पैसरा मोड़ से खुर्द से पसियाँडीह (भवानीविगहा) से सम्पर्कता प्राप्त है।

प्रश्नाधीन पथ के आरेखन में योग्य बसावट नहीं रहने के कारण यह कोर नेटवर्क में शामिल नहीं है। अत: प्रश्नाधीन पथ के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(3) खंड (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है ।

---

कच्ची सड़क का पक्कीकरण

*855. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज(अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के विषहरिया पंचायत में मधेपुरा बोर्डर से राजेश मेहता के घर होते हुये ललकुरिया बोर्डर तक 3.5 किलोमीटर कच्ची सड़क का पक्कीकरण नहीं किया गया है जिससे बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना अंतर्गत S035 हसनपुर से हसनपुर के नाम से स्वीकृत है, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है।

---

आई०टी०आई० कॉलेज का निर्माण

*856. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड कोटवा में एक भी सरकारी आई०टी०आई० कॉलेज नहीं होने के कारण छात्र/छात्राओं को तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जबकि प्रखंड से महज 3 कि०मी० की दूरी पर जमुनिया सरकारी भू-खंड उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जमुनिया स्थित सरकारी भू-खंड पर आई०टी०आई० कॉलेज का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आँशिक रूप से स्वीकारात्मक । राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में राज्य के प्रत्येक अनुमंडल में एक औ०प्र० संस्थान तथा प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक महिला औ०प्र० संस्थान खोला जा चुका है। कोटवा प्रखंड पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी अनुमंडल में पड़ता है। जहाँ औ०प्र० संस्थान मोतिहारी एवं महिला औ०प्र० संस्थान, मोतिहारी संचालित है। इसके अतिरिक्त पूर्वी चंपारण जिला के अन्य 5 अनुमंडलों में भी औ०प्र० संस्थान संचालित है।

पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत स्थापित सभी औ०प्र० संस्थानों में मोतिहारी अनुमंडल के कोटवा प्रखंड सहित सभी प्रखंडों के इच्छुक युवक/युवती तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं । वर्तमान में राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में कोई अन्य सरकारी औ०प्र० संस्थान खोलने का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है।

पुल एवं सड़क का निर्माण

*857. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली विधान सभा क्षेत्र के रामपुर पंचायत में गढ़घाट के करैह नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, साथ ही अलौली विधान सभा क्षेत्र से अमौसी तक सड़क नहीं रहने से लगभग चार पंचायतों के लोग आवागमन की सुविधा से वंचित हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थानों पर पुल एवं सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*858. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट के पंचायत जलालपुर में राजकीय नलकूप, पेटभरिया का नाला जर्जर हो चुका है जिससे किसानों को पंप सेट से पटवन करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूप के नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- आंशिक स्वीकारात्मक। नाला के सुदृढ़ भाग तक पटवन का कार्य हो रहा है। वर्तमान में विभाग द्वारा नाला मरम्मती/निर्माण का कार्य नहीं कराया जा रहा है। पटवन का कार्य flexible पाइप द्वारा किया जाना है। सरकार के नीतिगत निर्णय के तहत नलकूपों का हस्तान्तरण ग्राम पंचायत को किया जा चुका है। यदि पंचायत आवश्यक समझती है, तो नलकूप के नाला का निर्माण मनरेगा अथवा अन्य योजनाओं से करा सकती है।

---

औचित्य बतलाना

*859. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सरकारी सेवक की आयु 50 वर्ष तथा सेवा अवधि 20 वर्ष के बाद स्वैच्छिक तथा अनिवार्य सेवानिवृत्त दिये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सेवा संहिता के आलोक में प्रशासन के सुदृढ़ीकरण हेतु सरकारी सेवक के कार्य-कलापों की समीक्षा हेतु विगत वर्ष दिशा-निर्देश जारी किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक उक्त नियम का अनुपालन श्रम संसाधन विभाग में कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना पूरा कराना

*860. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखण्ड अंतर्गत बक्सर-कोईलवर गंगा तटबंध में मरचईया-सईया ग्राम के बीच लगभग 300 मीटर की लम्बाई में गैप है, विभाग द्वारा एजेंडा संख्या-144/500 के अन्तर्गत उक्त गैप की भराई एवं इनके दोनों ओर सुरक्षात्मक कार्य 15 मई, 2018 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन आजतक कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*861. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-104 हथुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पचफेड़ा-एकडंगा रोड में सोना नदी पर स्थित पुराना पुल काफी जर्जर है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर नया पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

*862. श्री राजू कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-98 साहेबगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत पारू प्रखंड एवं साहेबगंज प्रखंड में नारायणी नदी के कटाव से कल्याणपुर एवं बंगड़ा निजामत, माधोपुर हजारी गाम में निर्मित रिंग बाँध वर्ष 2020 में ध्वस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

चेक डैम का निर्माण

*863. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखण्ड में अख्तियारपुर फोर लेन से भैरोपुर तक गंडकी नदी के बायां एवं दायां तटबंध क्षेत्र की जनता के आवागमन का मुख्य मार्ग है, जिसके जर्जर रहने एवं बाँध की ऊँचाई कम रहने के कारण बरसात के दिनों में मार्ग अवरुद्ध हो जाता है तथा आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी के बायां एवं दायां तटबंध को ऊँचा कराने के साथ-साथ चौड़ीकरण एवं कालीकरण तथा चेक डैम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य प्रारम्भ करना

*864. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0 जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआँव प्रखंड के किरकीरी पंचायत के डेढुआ पंप परियोजना का वर्ष 1990 में तत्कालीन सरकार द्वारा शिलान्यास किया गया था किन्तु अभीतक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त परियोजना को शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*865. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत प्रखंड-भरगामा, ग्राम पंचायत खजूरी के गोढ़ियारी घाट के विलेनिया नदी पर पुल नहीं होने से आस-पास के अनेकों गाँव को शिक्षा, स्वास्थ्य चिकित्सा, रोजगार, आवागमन एवं परिवहन की सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी हेतु कार्य योजना बनाना

*866. श्री राजू कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-98 साहेबगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज प्रखंड के तालगौड़ा चौड़ की जल निकासी नहीं होने से हजारों एकड़ जमीन में खेती नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तालगौड़ा चौड़ का जल निकासी हेतु कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*867. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा प्रखंड में लोहिया स्वच्छता योजना के अधीन ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण की योजना पिछले पाँच वर्षों से चल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मढ़ौरा प्रखंड में लगभग चालीस हजार शौचालय के निर्माण का लक्ष्य था, जिसमें से पिछले चार वर्षों में मात्र सोलह हजार शौचालयों का ही निर्माण हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मढ़ौरा प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा लाभुकों को राशि भुगतान में लापरवाही एवं गड़बड़ी के कारण लक्ष्य की प्राप्ति अभीतक नहीं हो पाई ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना के कार्यान्वयन की उच्चस्तरीय जाँच कराकर लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

संचालित करना

*868. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के इस्लाम अलीगंज प्रखंड में स्थित दरखा सिंचाई प्रमंडल दरखा का संचालन नवादा जिला से होता है जिससे प्रशासनिक कार्य सम्पादन में लाभुकों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सिंचाई प्रमंडल को जमुई जिला अन्तर्गत लाकर संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*869. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के गेड़ाबाड़ी पेट्रोल पम्प के सामने से प्राथमिक विद्यालय, एकमा तक जानेवाली सड़क जर्जर रहने के कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*870. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत पहलेजा घाट (कसमर), पीपा पुल गंगा नदी पार से लोदीपुर-जान मोहम्मद होते हुये छितरचक तक एवं पीपा पुल गंगा नदी पार से नवडीहा होते हुये रमसापुर तक की सड़क कच्ची रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के दिनों में राहगीरों को पैदल चलना भी दूभर हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न दो पथों से संबंधित है--

1. पहलेजा घाट (कसमर) पीपा पुल गंगा नदी पार से लोदीपुर-जान मोहम्मद होते हुये छितरचक तक पथ उक्त पथ की लम्बाई 4.7 किलो मीटर है जिसमें प्रारंभ के 3.6 किलो मीटर पतली एवं कच्ची पथ है जो निजी जमीन में पड़ता है । इस पथांश में कोई भी बसावट नहीं रहने के कारण किसी भी कोर नेटवर्क में शामिल नहीं है । इस पथांश के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । शेष 1.1 किलो मीटर पथांश गरीबपट्टी पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से निर्मित है जिससे छितरचक को एकल सम्पर्कता प्राप्त है ।

2. पीपा पुल गंगा नदी पार से नवडीहा होते हुये रमसापुर तक पथ उक्त पथ की लम्बाई 3.5 किलो मीटर है जिसमें प्रारंभ के 2.0 किलो मीटर रेलवे का जमीन है एवं शेष 1.5 किलो मीटर निजी जमीन पड़ता है । उक्त 3.5 किलो मीटर लम्बाई में कोई बसावट नहीं है । इसके निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । लक्ष्य बसावट रमसापुर को गरीबपट्टी पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से एकल सम्पर्कता प्राप्त है ।

-------

स्टेट बोरिंग लगवाना

*871. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखंड के कुमरखत पूर्वी पंचायत के मौहिलीया ग्राम के किसानों को वर्षा पर ही सिंचाई हेतु निर्भर रहना पड़ता है, जिससे पर्याप्त वर्षा के अभाव में इस क्षेत्र के किसानों का फसल नष्ट हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में स्टेट बोरिंग लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

रिंग बाँध का निर्माण

*872. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड में सिवैसिंहपुर पंचायत के सिवैसिंहपुर ग्राम-बूढ़ी गंडक नदी के बाएँ तटबंध के अन्दर बसा है जिससे हर बरसात के मौसम में सारे ग्रामवासियों को गाँव से निकलकर तटबंध पर विस्थापितों की तरह रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सिवैसिंहपुर ग्राम को रिंग बाँध से घेर कर सुरक्षित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*873. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के विसपुरिया से पीपरपांती होते हुये ढ़ोढ़िया मध्य विद्यालय जाने का एक मात्र सड़क के जर्जर होने के कारण आम जनता और बच्चे-बच्चियां ढ़ोढ़िया मध्य विद्यालय नहीं जा पातें है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न चार पथों के निर्माण से संबंधित है:--

1. विसपुरिया नया टोला से विसपुरिया पथ--उक्त पथ शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनान्तर्गत स्वीकृति उपरांत निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है । तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

2. विसपुरिया नया टोला से पिपरापांती पूर्व टोला पथ--उक्त पथ के आरेखन में अवस्थित बसावटों को छूटे हुये बसावटों को संपर्कता प्रदान करने के तहत सर्वे कार्य करा लिया गया है । तदनुसार समीक्षापरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

3. पिपरापांती से ढ़ोढ़ीया मोड़ (कोसी बाँध)--उक्त पथ शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनान्तर्गत ढ़ोढ़ीया दादपुर पी० एम० जी० एस० वाई० पथ से पीपरापांती पथ के नाम से स्वीकृति उपरांत एकरारनामा की प्रक्रिया में है । तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

4. ढ़ोढ़ीया मोड़ (कोसी बाँध) से ढ़ोढ़ीया मध्य विद्यालय तक पथ--उक्त पथ शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत एन० एच० 31 से सिनखुंड पथ का पथांश है जो निर्मित है । वर्तमान में पथ की स्थिति अच्छी है ।

--------

सड़क का निर्माण

*874. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के नचाप पंचायत के पुरैना ग्राम आजतक पक्की सड़क से नहीं जुड़ा है जिसके कारण ग्रामीण आवादी को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुरैना ग्राम को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*875. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के वीरपुर प्रखंड एवं बेगूसराय प्रखंड में वीरपुर से मोहनपुर तक जाने वाली 04 कि० मी० सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*876. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के हरिओ पंचायत में ग्राम कहारपुर से भवनपुरा तक सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण कहारपुर ग्रामवासी अभी भी मुख्यालय से नहीं जुड़ पाये हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के आरेखन में अवस्थित बसावटों को छूटे हुये बसावटों को संपर्कता प्रदान करने के तहत सर्वे कार्य करा लिया गया है । तदनुसार समीक्षोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

--------

मुआवजा राशि की भुगतान

*877. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउद नगर-नासीरगंज के बीच सोन नदी पर निर्मित पुल के पहुँच पथ हेतु विभाग द्वारा दिनांक 12 जून, 2017 को भूमि अधिग्रहण किया गया था, परंतु विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि के भू-स्वामियों को मुआवजा राशि का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पुल के पहुँच पथ हेतु अधिग्रहण की गयी भूमि के भू-स्वामियों को मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से निजात

*878. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के जमालपुर प्रखंड के पड़हम एवं अन्य तथा धरहरा प्रखंड के बाहा चौकी पंचायत एवं अन्य में बाढ़ तथा वर्षा के दिनों में आमलोगों के घरों में गंगा पानी से जल-जमाव की समस्या पिछले पाँच वर्षों से हो रही है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार इससे निजात दिलाने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का जीर्णोद्धार

*879. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखंड में छतनेश्वर पंचायत के ताल कोरैया में जमींदारी बाँध वर्ष 2007 में आये बाढ़ के कारण कई जगह ध्वस्त हो गया था, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जमींदारी बांध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*880. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया प्रखंड के रामकरण पकड़ी विषहर स्थान से दया छपड़ा सरकारी विद्यालय होते हुये विशुनपुरा सीवान तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 1.8 कि० मी० है । पथ के आरेखन पर अवस्थित रामकरण पकड़ी विषहर स्थान एवं मुख्य बसावट दया छपरा को पी० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत निर्मित चकिया मधुरापुर पी० डब्लू० डी० पथ से दया छपरा पथ से सम्पर्कता प्राप्त है तथा विशुनपुरा सीवान तक का हरनरायणा नया टोला को एम० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत निर्मित पथ हरनरायणा से नया टोला हरनरायणा पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । प्रश्नाधीन पथ किसी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं है ।

अतः पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

सड़क का निर्माण

*881. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड अन्तर्गत इन्द्रपुरी पंचायत के मिरासराय शिवमंदिर से सोनपुरा ग्राम तक की सड़क की लम्बाई 1 किलो मीटर है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के किनारे बसावटों में महादलित एवं अतिपिछड़ा लोगों की जनसंख्या अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ मीरासराय चौक से मीरासराय तक पथ है, जिसकी कुल लम्बाई 330 मीटर है । सोन नदी के किनारे के बसावट को स्थानीय लोगों द्वारा सोनपुरा कहा जाता है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) प्रश्नाधीन पथ डिहरी तिलौथु पी0डब्लू0डी0 पथ मीरासराय चौक से मीरासराय तक पथ कुल लम्बाई 330 मीटर मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (एस0सी0) अन्तर्गत स्वीकृत है एवं इसका निर्माण कराया जा रहा है ।

--------

चहारदीवारी का निर्माण एवं भवनों की मरम्मत

*882. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत बक्सर एवं चौसा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का परिसर चहारदीवारी विहीन है तथा सरकारी आवास भी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त परिसर का चहारदीवारी एवं भवनों की मरम्मत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*883. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड में संझौली पंचायत के कदवा गाँव के पोखर कोना के पास भसना घाट में कोसी नदी पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कोसी नदी के भसना घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्मित एल0 52-पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ इकबाल चौक से कदवा दक्षिण टोला के आरेखन पर अवस्थित है, जो वर्ष 2019 में आई भीषण बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया है । उक्त क्षतिग्रस्त स्थल पर पुल निर्माण हेतु टेक्नो फिजिबीलिटी रिपोर्ट की माँग संबंधित कार्यपालक अभियंता से की गई है । तत्पश्चात् तकनीकी समीक्षोपरान्त अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

--------

सड़क का निर्माण

*884. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नव अधिसूचित राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 133ई भागलपुर से भलजोर तक टू-लेन सड़क निर्माण करने की योजना वर्ष 2019-20 से ही स्वीकृत है परंतु उक्त सड़क पर यातायात का भारी दबाव एवं जाम की समस्या को देखते हुये क्या सरकार उक्त टू-लेन सड़क को फोर लेन सड़क में परिवर्तित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--वस्तुस्थिति यह है कि सरकार परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फरवरी, 2019 में बिहार राज्य में भागलपुर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर ढ़ाकामोड़ को जोड़ते हुये और बलझोर (हंसडीहा रोड) के निकट बिहार/झारखंड सीमा पर समाप्त होने वाला राजमार्ग को राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 133ई के रूप में अधिसूचित किया गया है ।

इस पथ के 4 लेन चौड़ीकरण हेतु अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी । वर्तमान में पथ की चौड़ाई 7 मीटर है । इस पथ के (2 Lane with Paved Shoulder) 10 मीटर चौड़ीकरण हेतु भूमि उपलब्ध है । 10 मीटर चौड़ीकरण का डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को समर्पित किया गया है । स्वीकृति के पश्चात् इस पथ के 10 मीटर चौड़ीकरण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी । नव प्रस्तावित पुल/पुलियों की चौड़ाई 4 लेन के अनुरूप रखा गया है ताकि भविष्य में 4 लेन भूमि अधिग्रहण पूर्ण कर इस पथ का 4 लेन चौड़ीकरण किया जा सके।

--------

कटाव रोधक कार्य कराना

*885. <u>श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड के सिसवनिया से गोबरी जानेवाली रास्ते में सिकरहना नदी से वर्ष 2019 में आई बाढ़ के कारण कटाव जारी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल निर्माण कराना

*886. <u>श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के कटैया पंचायत के सिराही गाँव में बछराजा नदी पर पुल नहीं होने के कारण 50 हजार से अधिक की आबादी को अनुमंडल मुख्यालय जयनगर जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सिराही गाँव के बछराजा नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल एम0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत स्वीकृत पथ सुरहिया मुस्लिम टोल होते हुये बासोपट्टी प्रखंड के सिराही पथ पर अवस्थित है, जो निविदा की प्रक्रिया में है । निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर पथ के साथ पुल का निर्माण करा लिया जायेगा ।

--------

गाद की सफाई

*887. <u>श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के अन्तर्गत मुरलीगंज नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 01, 02, 08 एवं 12 रहिका टोला तथा मुरलीगंज प्रखंड के रतनपट्टी, भलाही, रघुनाथपुर, रमणी तथा तरिकौरा गाँव एवं ग्वालपाड़ा प्रखंड के वीरगाँव चतरा आदि बरसात के समय बैंगा नदी से जलप्लावित हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुमारखंड प्रखंड के चंडी स्थान से बैंगा नदी प्रारंभ होकर मुरलीगंज बैंगा पुल से क्रॉस करती है एवं इसमें गाद भरा होने के कारण आस-पास के गाँव में जलप्लावन की समस्या होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चंडी स्थान से मुरलीगंज प्रखंड के अंतिम छोर तिलकोड़ा एवं ग्वालपाड़ा प्रखंड के वीरगाँव चतरा तक बैंगा नदी में गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अधिग्रहण कर निर्माण कराना

*888. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या 174- इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इसलामपुर प्रखंड के खुदागंज से मीनाबाजार होते हुए सिलाव प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली आर0 डब्लू0 डी0 की सड़क की लम्बाई 40 कि0 मी0 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क उक्त क्षेत्र के 4,00,000 (चार लाख) की आबादी का लाइफ-लाइन सड़क है, जिसपर गाड़ियों का आवागमन का भारी दबाव रहता है, जिससे सड़क में जगह-जगह गड्ढा हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाउंड्री निर्माण कार्य पर रोक

*889. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या 99-बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलांतर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, गोपालगंज द्वारा बैकुंठपुर प्रखंड के खोरमपुर वृत में अवस्थित डुमरिया घाट निरीक्षण भवन की चहारदीवारी का निर्माण खोरमपुर वृत के निवासी (i) धर्मदत्त पांडेय के खाता संख्या-87, सर्वे नं0 74, रकवा-2-10-16 धुर, (ii) किशुनजीवन पांडेय, खाता संख्या-56, 52, सर्वे नं0 19, रकवा-0-1-18-धुर, 0-5-8 धुर (iii) मदन मोहन पांडेय, खाता संख्या-17 सर्वे नं0 10, 26 रकवा-0-12-2 धुर, 0-2-2 धुर एवं 0-4-11 धुर (iv) रामप्रसाद पांडेय, खाता संख्या-32, सर्वे नं0 29, रकवा-0-1-12 धुर के निजी भूमि पर कराया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार निजी भूमि पर कराये जा रहे चहारदीवारी निर्माण कार्य पर रोक लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*890. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या 169-शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा शहर स्थित शेखपुरा जखराज स्थान से हुसैनाबाद जाने वाली सड़क में शेखपुरा-आढ़ा पी0 डब्लू0 डी0 पथ तथा स्टेशन रोड एम0 डी0 आर0 पथ को नहीं जोड़ने से प्रत्येक दिन जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित दोनों सड़क को शेखपुरा जखराज स्थान से हुसैनाबाद जाने वाली सड़क में जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*891. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या 74-सोनवर्षा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के महुआ बाजार के उत्तरबाड़ी पंचायत के वार्ड नं0-10, 11 एवं 12 में सालों भर जल-जमाव रहता है, जिससे किसानों को कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महुआ बाजार से सिंगारपुर मधेपुरा सीमा तक नाला निर्माण कराकर जल-जमाव की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*892. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा विधान सभा क्षेत्र के हेमतपुर से तेनुआ वाया धर्मपुरा तक का पथ अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा का भुगतान

*893. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव (क्षेत्र संख्या-90 मीनापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मीनापुर प्रखंड के चाँद परना गाँव के 105 किसानों से वर्ष 1982-83 में 9.69 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर बाँध का निर्माण किया गया था, किन्तु आजतक किसानों को जमीन का मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड के किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चेक डैम का निर्माण

*894. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला में ऋषि कुंड में चेक डैम नहीं होने के कारण कुंड का जल गंगा नदी में मिल जाता है जिससे किसान कुंड के जल का प्रयोग नहीं कर पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर चेक डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । मुंगेर जिला में ऋषि कुंड से निकले जल के संचयन एवं सिंचाई कार्य में उपयोग करने के लिए सर्वेक्षण कराया जायेगा । सर्वेक्षणोपरान्त चेक डैम का निर्माण सम्भाव्य (Feasible) पाये जाने पर उसका रूपांकण कराकर विहित प्रक्रिया के तहत निधि उपलब्धता के आधार पर निर्माण कार्य कराया जायेगा ।

---

सड़क का निर्माण

*895. श्री शशिभूषण हजारी (क्षेत्र संख्या-78 कुशेश्वरस्थान (अ0 अजा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखण्ड के ग्राम-हाटी से पिपरा सड़क तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 22 सितंबर, 2020 को किया गया था, लेकिन शिलान्यास के बाद आजतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क नहीं बनने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल एवं साईफन निर्माण

*896. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के सरसौनी विजलिया नहर 32 आर०डी० पर पुल एवं साईफन नहीं रहने के कारण 5,000 की आबादी प्रभावित है एवं कृषि कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल एवं साईफन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषियों पर कार्रवाई

*897. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला औरंगाबाद के प्रखंड मदनपुर में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अन्तर्गत उपरडीह चरवामा से दादर पथ का निर्माण वित्तीय वर्ष 2019-20 में कराया गया है, जिसका प्रा० राशि दो करोड़ तेईस लाख सत्तर हजार मात्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण प्रा० राशि के अनुसार नहीं होने से निर्माण के एक वर्ष उपरांत ही सड़क जर्जर अवस्था में हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राक्कलित राशि के अनुरूप कार्य नहीं कराने वाले दोषी पदाधिकारियों एवं ऐजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*898. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के कचना रेलवे स्टेशन से बाटना होते हुये घोड़ाडीहा सड़क में कचना स्थित रेल लाइन के उत्तरी किनारे का पुल वर्ष 2017 की बाढ़ में ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क शिकारपुर, विचौर, कमरौल, बसलगांव, करणपुर पंचायत की जनता को कचना रेल स्टेशन तथा एन०एच० 34 तक पहुँचने का एकमात्र पथ है, जिसमें स्थित पुल के ध्वस्त हो जाने से आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जाम से निजात दिलाना

*899. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया शहर के 6 लेन सड़क मानपुर सेतु के खत्म होने के बाद 12 लेन की सड़क में मिलती है, जो मानपुर प्रखंड कार्यालय तक जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 6 लेन सड़क का ट्रैफिक 2 लेन की सड़क में मिलने के कारण मानपुर प्रखंड कार्यालय तक पूर्णत: जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे नागरिकों को घंटों जाम में रहना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 6 लेन सड़क मानपुर सेतु के बाद से मानपुर प्रखंड कार्यालय तक फ्लाई ओवर का निर्माण कराकर नागरिकों को जाम की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाईपास सड़क का निर्माण

*900. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत एन०एच० 106 सिंहेश्वर स्थान के पास दिन के समय में यातायात दाब के कारण बराबर जाम लगा रहता है, जिससे मात्र 01 कि०मी० सिंहेश्वर बाजार में सड़क को पार करने में वाहनों को घंटों लग जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर बाईपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत एन०एच० 106 सिंहेश्वर स्थान के पास दिन के समय में यातायात होने के कारण बराबर जाम की समस्या रहती है।

जाम की समस्या से मुक्ति हेतु बाईपास निर्माण के लिये डी०पी०आर० तैयार करने के लिये निविदा आमंत्रित की गयी है। डी०पी०आर० तैयार कर भारत सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा जाना है। बाईपास बन जाने के बाद जाम की समस्या दूर हो जायेगी ।

---

नहर का जीर्णोद्धार

*901. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत फुलवरिया जलाशय का रजौली, नवादा से लेकर हिसुआ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत नरहट प्रखंड तक जिस नहर का जीर्णोद्धार कराया गया है, उस नहर से नरहट प्रखंड तक पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है, जिससे इस क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फुलवरिया जलाशय का हिसुआ प्रखंड के नहर तक जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क सड़क का निर्माण

*902. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 विक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सड़क सम्पर्क योजना के तहत ग्रामों को मुख्य को मुख्य सड़क से जोड़ने का प्रावधान है, परन्तु पटना जिला के विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड स्थित सरासत गोनवा सड़क से भगवानपुर टोला रोड तक सम्पर्क सड़क का निर्माण नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सम्पर्क सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*903. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली विधान सभा क्षेत्र के शहरबन्नी पंचायत में फुलतौरा ग्राम से चेराखेरा पंचायत के बलुआही ग्राम तक सड़क नहीं रहने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का निर्माण कराना

*904. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली एवं गुठनी प्रखण्ड के सरकारी कर्मचारी आवास ध्वस्त हो जाने के कारण सरकारी कर्मचारियों को आवासित होने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में पदाधिकारियों के लिये आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्यूबवेल लगवाना

*905. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड दरियापुर के ग्राम-नगवां एवं प्रखंड परसा के ग्राम परसौना में स्टेट ट्यूबवेल नहीं है, जिससे वहाँ के किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर स्टेट ट्यूबवेल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक । सारण जिला के दरियापुर प्रखंड के नगवाँ में पूर्व से ही नलकूप अधिष्ठापित है जिसके जीर्णोद्धार का कार्य स्थानीय मुखिया द्वारा कराया गया है । परन्तु कम्प्रेशर चलाने के बावजूद पानी नहीं निकल सकता जिसके फलस्वरूप पूर्ण छिद्रण का डी० पी० आर० तैयार कराया गया है । विहित प्रक्रिया के तहत इसे चालू करा दिया जायेगा । परसा प्रखंड के ग्राम परसौना में भी पूर्व से एक नलकूप है जिसके जीर्णोद्धार का कार्य स्थानीय मुखिया द्वारा कराया जा रहा है । ड्रीलिंग, पम्प हाउस एवं मोटर, स्टाटर का कार्य करा लिया गया है । विद्युत् आपूर्ति बहाल होने के पश्चात् नलकूप चालू हो जायेगा ।

खंड (क) में स्थिति स्पष्ट की जा चुकी है ।

--------

सड़क का निर्माण

*906. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के जितवारपुर स्थित शिवनन्दन चौक से भाया काली स्थान, हकीमावाद, राजघाट चौराहा होते हुये सिकन्दर ढाला टोला जाने वाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण बरसात के दिनों में हकिमावाद वाले भाग मे जल-जमाव से यातायात बाधित हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का ऊँचीकरण एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई परियोजना की स्वीकृति

*907. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ० जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी के मौनवां झौड़ को वृहद सिंचाई परियोजना में वर्ष 2003-04 में शामिल कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन बाद में निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोखुला नदी पर स्थापित मौनवां झौड़ सिंचाई परियोजना के बंद होने से बाराचट्टी तथा मोहनपुर प्रखंड के सैकड़ों गाँव के किसान सिंचाई के लाभ से वंचित हो गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मौनवां झौड़ सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवासन हेतु आदेश

*908. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में कार्यरत सभी राजपत्रित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये आवासीय परिसर बनाकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में राजपत्रित पदाधिकारी को छोड़कर कर्मचारीगण प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय के आवासीय परिसर में आवासित नहीं हैं, जिससे ससमय कार्यों का निष्पादन नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कर्मचारियों को प्रखंड मुख्यालय में आवासित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़कों को अधिग्रहण कर निर्माण

*909. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव, बिहार द्वारा दिनांक 26 जून, 2019 को आयोजित बैठक में राज्य के शहरी क्षेत्र में 20 फीट एवं उससे अधिक चौड़ाई की सभी सड़कों का निर्माण एवं संधारण पथ निर्माण विभाग द्वारा करने का निर्णय लिया गया था, जिससे संबंधित अधिसूचना संख्या 1548, दिनांक 25 फरवरी, 2020 ई० द्वारा जारी की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्देश के आलोक में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दरभंगा नगर निगम की 15 सड़कों सहित राज्य की 403 सड़कों के निर्माण हेतु पथ निर्माण विभाग को अपने पत्रांक 360, दिनांक 15 जुलाई, 2020 द्वारा स्थानांतरण कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*910. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के महिनाथपुर से शिशिया हाट होते हुये कामख्या स्थान तक जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना को पूर्ण करना

*911. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत संझौली प्रखंड के कैफी टोला आहर का जीर्णोद्धार कार्य, मिट्टी कार्य, आउटलेट एवं इनलेट कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 27 अप्रील, 2020 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 15 जून, 2020 तक थी, किन्तु संवेदक द्वारा अनियमितता बरतने एवं सही ढंग से कार्य नहीं करने के कारण योजना पूर्ण नहीं हो सका, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस योजना को पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला-सह-सड़क का निर्माण

*912. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत सभी गली एवं नाली का निर्माण किया जाना है किन्तु मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के ग्राम पंचायत पंडौल के वार्ड नंबर 08 में काली मंदिर के समीप 600 फीट की लंबाई में नाला-सह-सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथांश में नाला-सह-सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*913. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखड के कादराबाद दुर्गा स्थान से भरौल गाँव जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.8 कि० मी० है । इस पथ का मरम्मती कार्य बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के तहत कराया जा रहा है, जिसे मार्च, 2021 तक पूर्ण करा लिया जायेगा ।

कार्रवाई करना

*914. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कर्मियों को कार्यालय आने-जाने हेतु शहरी परिवहन भत्ता विभागीय प्रधान से निर्गत आदेश के आलोक में देने का प्रावधान है, परन्तु जिन्हें घर आने-जाने हेतु सरकारी वाहन की सुविधा देय है, उन्हें शहरी परिवहन भत्ता देये नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कौशल विकास मिशन के निदेशक द्वारा सरकारी वाहन का उपभोग करने के बावजूद शहरी परिवहन भत्ता लेकर सरकारी राशि का गबन किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मिशन निदेशक के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*915. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के कुसमाहा पंचायत के औसरी चौक से रामगंज होते हुए कुसमाहा के पेट्रोल पम्प तक की सड़क संकीर्ण एवं जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क को बॉर्डर रोड से जुड़े रहने के कारण हजारों लोगों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है, जिसके संकीर्ण एवं जर्जर रहने से आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण के साथ कालीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*916. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा प्रखंड अंतर्गत सुखासन पंचायत के कमलपुर गोसाई टोला स्थित वार्ड नं0 02 तथा वार्ड नं0 06 के बीच स्थित बैलदौर प्रशाखा नहर वितरणी के दोनों ओर ग्रामीण सड़क का निर्माण हो चुका है लेकिन नहर के ऊपर पुल नहीं रहने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*917. श्री रितलाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के मोबारकपुर, रघुरामपुर ग्राम पंचायत के वार्ड नं0 05 में स्थित महेंद्र राय के घर से अरूण प्रसाद के घर तक होते हुए जवाहर पंडित के घर (मुख्य आहर) तक नाला नहीं रहने के कारण सड़क पर जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जल निकासी हेतु उक्त स्थल पर नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक है।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत रघुरामपुर से नया रघुरामपुर पथ का पथांश है, यह सड़क पी0सी0सी0 पथ है, जिसकी लम्बाई 200 मीटर है । प्रश्नगत पथांश में जल-जमाव की समस्या नहीं है।

आई0 टी0 आई0 केंद्र की स्थापना

*918. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कौशल विकास मिशन के तहत प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में आई0 टी0 आई0 केन्द्र की स्थापना की जानी है जबकि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड में एक भी आई0 टी0 आई0 की स्थापना नहीं की गई है, जिससे उक्त क्षेत्र में कौशल विकास का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

चेक डेम का निर्माण

*919. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत देव प्रखंड के पु0 केताकी ग्राम पंचायत के विष्णुबाँध गाँव में केशहर नदी पर विष्णुबाँध से दक्षिण (पनियाही) में चेक डेम का निर्माण नहीं होने से जल स्तर काफी नीचे चला जाता है एवं वर्षा का पानी एकत्रित नहीं हो पाता है जिससे खेतों की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चेक डेम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर की सफाई

*920. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला में लतीफ साह वीयर जो उत्तर प्रदेश में अवस्थित है, उससे चाँद एवं दुर्गावती प्रखण्ड में सिंचाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कर्मनाशा नहर में गाद भर जाने से लतीफ साह वीयर का पानी प्रखण्ड दुर्गावती में कम मात्रा में आता है, जबकि उक्त वीयर से 300 क्युसेक पानी प्रखण्ड चाँद एवं दुर्गावती को मिलना चाहिए था ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कर्मनाशा नहर की सफाई एवं लतीफ साह वीयर से पानी की मात्रा सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*921. श्री मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के खड़गपुर प्रखंडान्तर्गत ग्राम-सीमपुर के पास मनी नदी पर पुल नहीं रहने के कारण तारापुर एवं जमालपुर विधान सभा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम के पास मनी नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवासित करना

*922. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ.जा.))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सभी पईन-पोखर एवं पुराने कूप का उड़ाही एवं जीर्णोद्धार कराने की सरकार की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान, जहानाबाद, पटना एवं भोजपुर जिलों सहित राज्य के अन्य जिलों में भूमिहीन मजदूरों एवं कामगार आबादी जो पईन-पोखर के गैर-मजरूआ जमीन पर घर बना कर आवासित हैं, उन्हें विस्थापित किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित भूमिहीन एवं गरीबों की पहचान कर उन्हें आवासित कराने के बाद ही पईन-पोखर की उड़ाही कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कार्य प्रारम्भ करना

*923. श्री शशिभूषण हजारी (क्षेत्र संख्या-78 कुशेश्वरस्थान (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वरस्थान प्रखण्ड में सती घाट से राज घाट तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा 22 सितम्बर, 2020 को किया गया था, लेकिन उक्त सड़क का निर्माण कार्य आजतक प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क नहीं बनने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

एप्रोच सड़क का निर्माण

*924. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर प्रखंड में हरिपुर से मल्हान तक पुल (पैकेज नं० बी०आर० 128बी) का निर्माण विगत 2 वर्ष पूर्व किया गया है, लेकिन पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण छोटे-बड़े वाहन पुल पर नहीं चढ़ पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सिंचाई की सुविधा

*925. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत लहेरी एवं सरेया में 500 एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लहेरी नहर से मौजा दामोदर डिहरा तक प्रलय चैनल निर्माण कर लहेरी एवं सरेया के 500 एकड़ भूमि को सिंचित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*926. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के अन्तर्गत बारून प्रखण्ड में सोन उच्चस्तरीय केनाल पर ग्राम-चावरबीघा एवं ग्राम-धनवती के सामने पुल नहीं होने से क्षेत्र के जनता को आवागमन एवं कृषि कार्यों में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण पर रोक

*927. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखंड के पभेड़ा पंचायत में मौजा-पभेड़ा, थाना नं० 102, खाता 373, खेसरा 164, रकबा-2 एकड़ 86 डी०, किस्म-मरघट पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण की स्वीकृति हुयी है, जिससे ग्रामीणों में भय का महौल है, यदि हाँ, तो सरकार मरघट पर बन रहे पंचायत सरकार भवन निर्माण पर रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का पुनर्निर्माण

*928. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बाजपट्टी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत बाचोपट्टी, नरहा बाजपट्टी से रसलपुर पी०डब्लू०डी० पथ में सोरमनी टोला के पास स्थित पुल वर्ष 2019 की बाढ़ में पूर्णरूपेण क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि रसलपुर-गाढ़ा पथ के 20वें कि०मी० में 3 X 14M का RCC HL Bridge के निर्माण कार्य का DPR प्राप्त है। प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन है।

---

सड़क का पुनर्निर्माण

*929. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेशवर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंघेश्वर प्रखण्ड के बिरैली बाजार से मोजमां चौक, शंकरपुर बाजार कालवा, झरकहा होते हुये त्रिवेनीगंज सीमा तक जाने वाली सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न तीन पथों से संबंधित है —

1. बिरैली बाजार से मौजमा चौक तक पथ--उक्त पथ बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 अन्तर्गत स्वीकृत है, जिसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

2. मौजमा चौक से शंकरपुर बाजार तक पथ--उक्त पथ सोनवर्षा से शंकरपुर पथ का पथांश है, जिसका निर्माण शीर्ष राज्य योजनान्तर्गत कराया गया था। पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य ससमय नहीं किये जाने के कारण एकरारनामा को विखंडित कर दिया गया है। वर्तमान में पथ के मरम्मती हेतु प्राक्कलन शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-III अन्तर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है। तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

3. शंकरपुर से त्रिवेणीगंज तक पथ--उक्त पथ के मरम्मती हेतु प्राक्कलन शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-III अंतर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है। तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

फ्लाई ओवर का निर्माण

*930. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के जगदीशपुर बाजार में सड़क संकीर्ण होने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जगदीशपुर बाजार में फ्लाई ओवर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि नव अधिसूचित राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 133 ई (भागलपुर-हंसडीहा पथ) पर जगदीशपुर बाजार अवस्थित है । वर्तमान में पथ की चौड़ाई 7.00 मीटर है । इस पथ के (2 Lane with Paved Shoulder) 10.00 मीटर चौड़ीकरण हेतु भूमि उपलब्ध है । 10.00 मीटर चौड़ीकरण का डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को समर्पित किया गया है । स्वीकृति के पश्चात् इस पथ के 10.00 मीटर चौड़ीकरण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी । नव प्रस्तावित पुल/पुलियों की चौड़ाई 4 लेन के अनुरूप रखा गया है ताकि भविष्य में 4 लेन भूमि अधिग्रहण पूर्ण कर इस पथ का 4 लेन चौड़ीकरण किया जा सके । वर्तमान में जगदीशपुर बाजार में फ्लाई ओवर के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है ।

--------

अधिग्रहण कर पथ जीर्णोद्धार करना

*931. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड के शोभाविगहा से नवावगंज, वेन प्रखंड मुख्यालय होते हुये एन0एच0 110 को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है, जो आर0डब्लू0डी0 की सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क से प्रतिदिन 500 से एक हजार बड़े वाहन गुजरते हैं तथा इससे 300000 से अधिक लोग लाभान्वित होते हैं, जिसकी स्थिति विगत दो वर्षों से जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*932. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत बैदा पंचायत के हाल बैदा ग्राम के पास पुल नहीं होने से उस गाँव के लोगों को महानन्दा बाँध सड़क पर जाने के लिये 5 किलो मीटर घुमकर जाना पड़ता है, जबकि पुल बन जाने से मात्र आधा किलो मीटर की दूरी तय करनी होगी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हाल बैदा गाँव के पास पुल बनाकर महानन्दा बाँध सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल हाल बैदा ग्राम के अंतिम छोर पर अवस्थित है । हाल बैदा ग्राम की सम्पर्कता शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत निर्मित रोशनामल से हालबैदा पथ से प्राप्त है । उक्त पुल किसी भी कोर-नेटवर्क में शामिल नहीं है । इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

मुआवजा राशि का भुगतान

*933. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदमपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड में ग्राम-रामपुर आमी के श्री सर्वदेव सिंह, श्री कमल कुमार सिंह, श्री अभय कुमार सिंह, श्री शुभनारायण सिंह एवं श्री मनोज कुमार सिंह की जमीन को एन0एच0 19 फोरलेन के निर्माण हेतु विगत छः वर्ष पूर्व अधिग्रहण किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन मालिकों द्वारा मुआवजा राशि के भुगतान करने हेतु भाउचर सहित सभी संबंधित कागजात एक वर्ष भू-अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करने के पश्चात् मुआवजा राशि का भुगतान किये बगैर उक्त जमीन पर लगे हरे आम के वृक्ष को अंचलाधिकारी, दिघवारा द्वारा बलपूर्वक उखाड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जमीन मालिकों को मुआवाजा राशि का भुगतान कराते हुये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*934. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के द्वॉव ग्राम से गोलविगहा, लालमन चक होते गोवर्धन भगवान के मंदिर तक एवं घरणी रोड से मननपुर गाँव तक की सड़क कच्ची रहने से उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में असुविधा होती है एवं वर्षात के मौसम में उक्त सड़क कीचड़मय हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*935. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगडिया)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत खगड़िया विधान सभा क्षेत्र के राजेन्द्र सरोवर की खुदाई नहीं होने से जल संचय नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जल-जीवन हरियाली योजना के तहत उक्त सरोवर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*936. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला में जिला मुख्यालय छपरा से मढ़ौरा अनुमंडल को जोड़ने वाली सड़क अतिमहत्वपूर्ण है, जो एस0एच0 90 को एस0एच0 73 से जोड़ती है, जिसके कारण इस सड़क पर गाड़ियों के आवागमन का दबाव रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त सड़क की चौड़ाई वर्तमान में मात्र सात मीटर होने के कारण गाड़ियों के आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का नवीकरण कराना

*937. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला मुख्यालय अवस्थित गुमटी पुल एन0एच0 106 से कुमार खंड-प्रखंड मुख्यालय के पास राज्य मार्ग (एस0एच0) को जोड़ने वाली 23 किलो मीटर की सड़क क्षतिग्रस्त है, जिससे इस मार्ग पर यातायात में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस पथ का नवीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*938. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के चतरा एवं गोबरौरा दक्षिणी में गागन धौडी नदी पर पुल नहीं है, जिसके कारण लदनियां, खजौली एवं बाबूबरही प्रखंड के लगभग 15 हजार लोगों को बाढ़ के समय रास्ता अवरुद्ध हो जाता है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभार्थियों को अनुदान राशि का भुगतान

*939. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय प्रखंडान्तर्गत केवटा पंचायत में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शौचालय निर्माण कराया गया किन्तु एक हजार लाभार्थियों द्वारा शौचालय निर्माण पूरा करने के बावजूद भी अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लाभार्थियों को अनुदान राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क एवं पुल का निर्माण

*940. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर नगर पंचायत अंतर्गत अंग्रेजी बाजार से मेहुरा नदी पार करते हुये एन० एच० 19 तक सड़क एवं पुल का निर्माण नहीं होने के चलते विश्व विख्यात सोनपुर हरिहर क्षेत्र मेला में आने-जाने वाले पर्यटकों एवं सोनपुर अनुमंडलीय क्षेत्र यथा-मानपुर, बैजलपुर, कल्याणपुर, सेमरा, शिकारपुर, दरियापुर, अकिलपुर, बरूआ, खुशहालपुर, ककड़ा, टरवा मगरपाल, दरवेशा, मनपुरा, दरिहारा, कोनहवा, तुर्की बेलहर, मनसा बाबा, परसौना और मकेर आदि गाँव के लोगों को अनुमंडल मुख्यालय आने-जाने में कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार अंग्रेजी बाजार में मेहुरा नदी पार करते हुये एन० एच० 19 तक सड़क एवं पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधिग्रहण कर पथ का जीर्णोद्धार

*941. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत सिरारी से महसार होते पचना रोड लखीसराय में मिलने वाली सड़क विगत 8 वर्षों से जर्जर रहने से आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ शेखपुरा एवं लखीसराय जिला को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है, जिसपर यातायात दाब रहने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक खंड (1) में वर्णित सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करते हुये जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तय मानक को बढ़ाना

*942. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के जमालपुर प्रखंड एवं धरहरा प्रखंड में सिंचाई नलकूप की गहराई तय मानक 35 मीटर ही गाड़ा जा रहा है जबकि वाटर लेवल नीचे चला गया है, जिसके चलते किसी भी नलकूप से सिंचाई कार्य नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार तय मानक (35 मीटर) को आवश्यकतानुसार बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक । मुंगेर जिला के जमालपुर एवं धरहरा प्रखंड में वर्तमान में कोई नलकूप नहीं गाड़ा जा रहा है । विभाग द्वारा नलकूप गाड़ने की गहराई 100 (मी०) निर्धारित किया गया है । भू-गर्भ जल की उपलब्धता पर आवश्यकतानुसार ज्यादा गहराई का नलकूप भी गाड़ा जा सकता है ।

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*943. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाऊदनगर प्रखंड स्थित एन० एच० 139 के पूरब जिनोरियां से कोठियाँ तक जाने वाली सड़क विगत 7 वर्षों से जर्जर रहने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*944. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के हेतमपुर आहर एवं पीरो प्रखंड में फडौरा आहर का जल-जीवन हरियाली के तहत जीर्णोद्धार में अनियमितता बरती गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित आहरों के साथ प्रखण्ड के अन्य आहरों, पोखरों एवं पईन का जीर्णोद्धार सरकारी मानचित्र से मापी एवं मापदंड के अनुसार नहीं किया गया है, जिसके कारण सरकारी आहरों, पोखरों एवं पइनों का सरकारी जमीन रैयतों के पास छूट गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनियमितता के लिये दोषी संवेदकों एवं अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल-सह-पक्की सड़क का निर्माण

*945. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज प्रखंड के गोविन्दगंज गाँव के पास चम्पारण तटबंध एवं गोपालगंज जिलान्तर्गत सलेमपुर तटबंध के बीच गंडक नदी पर पुल-सह पक्की सड़क का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल-सह-पक्की सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*946. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड अन्तर्गत पतैली (पश्चिमी) पंचायत के पतैली चौक से कोरवद्धा तक जाने वाली खरंजा सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

सड़क का चौड़ीकरण

*947. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अन्तर्गत एन०एच० 107 ठाकुरटोली से सकरौली सवैठा तक जाने वाली सड़क संकीर्ण है, जिसपर भारी वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

सड़क का पक्कीकरण

*948. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-104 हथुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत हथुआ प्रखण्ड के सिंहोरवा नहर से चैनपुर होते हुये नरकटियां पुल तक की 3 कि०मी० ईंट सोलिंग पथ जर्जर है, जिस कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

पुल का निर्माण

*949. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के शिकारपुर पंचायत के शिकारपुर से बाजे होते दोगज गाँव से बिघौर जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क में बाराडांगा स्थित लकड़ी का पुल 1987 की बाढ़ में ही ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का पक्कीकरण हो जाने के बावजूद ध्वस्त लकड़ी पुल के स्थान पर नया पुल आजतक नहीं बन सका है, जिसके कारण शिकारपुर, बिघौरा, दासग्राम तथा अन्य पंचायतों की लाखों की आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

सड़क का निर्माण

*950. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बरौनी प्रखंड के फुलवारी पंचायत में तिनकोना मोड़ से सौहरी गाँव के शैलेश स्थान तक जाने वाली 1.5 कि०मी० सड़क एवं वन्द्वार पंचायत अन्तर्गत वन्द्वार ढाला से वन्द्वार गाँव के चन्द्रशेखर चौक तक जानेवाली 2.5 कि०मी० सड़क विगत 3 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*951. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत जमुई विधान सभा क्षेत्र में डाढ़ा पंचायत के डाढ़ा गाँव के दुर्गा मंदिर से पमया होते हुये गादी कटौना मुख्य मार्ग तक जाने वाली सड़क में नकटी नदी पर पुल नहीं रहने के कारण डाढ़ा, मुनिया मारन, नउआ मारन सहित 25 गाँवों के निवासियों को जिला मुख्यालय जाने में 8 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नकटी नदी में उपर्युक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ध्वस्त पुल का पुनर्निर्माण

*952. मो० आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड में दंतसार पंचायत के दादर घाट पर कोसीधार में बना पुल वर्ष 2017 में आयी बाढ़ से ध्वस्त हो गया है, जबकि यह पुल पूर्णियाँ जिला मुख्यालय एवं अररिया जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पुल है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त पुल का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल पी०एम०जी०एस०वाई० अंतर्गत निर्मित जलालगढ़ प्रखंड के अधीन एन०एच० 57 से एकम्बा (पैकेज सं० BR-27R-01) पथ के आरेखन पर अवस्थित है। कालांतर एवं वर्ष 2017 में आई भीषण बाढ़ में प्रश्नाधीन पुल के स्थल पर पूर्व से निर्मित 12 Row का ह्यूम पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है। उक्त क्षतिग्रस्त स्थल पर पुल निर्माण हेतु टेक्नो फिजिबीलिटी रिपोर्ट की माँग संबंधित कार्यपालक अभियंता से की गयी है। तत्पश्चात् तकनीकी समीक्षोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

-------------

पुल का निर्माण

*953. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के मटियारी पंचायत के कोठीहाट चौक से धनपुरा होते हुये मरिया परमान नदी के जर्जर कौजवे होकर किसान चौक तक जानेवाली सड़क जर्जर रहने के कारण हजारों लोगों को प्रतिदिन आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क का निर्माण एवं कौजवे की जगह उच्चस्तरीय पुल का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*954. श्री शंम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखण्ड में आरा कोईलवर तटबंध से परानपुर डाला होते हुये खरहाटाँर आरियो तक 03 कि०मी० सड़क नहीं है, जिससे ग्राम-डुमरी, दुरासन, दुबौली, सिंघनपुरा, ऐकौना के निवासियों को गंगा नदी घाट तक जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 03 मार्च, 2021 (ई०)।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० - 111 (एल०ए०), 2020-21 डी०टी०पी० -550